प्रीलिम्स फैक्ट्स: 08 अगस्त, 2018

स्वामीनाथन गुरुमूर्ति तथा सतीश काशीनाथ मराठे

केंद्र सरकार ने सतीश काशीनाथ मराठे और स्वामीनाथन गुरुमूर्ति को भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के केंद्रीय बोर्ड में अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशकों के रूप में नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि इन नियुक्तियों के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक के बोर्ड में निदेशकों की संख्या 10 हो गई है।

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के अनुसार, इनकी नियुक्ति चार साल की अवधि या "आगे के आदेश तक" के लिये की गई हैं।
- नियुक्ति प्रस्तावों को वित्तीय सेवा विभाग द्वारा भेजा गया था, जो वित्त मंत्रालय के अधीन है।

स्वामीनाथन गुरुमूर्ति

- गुरुमूर्ति स्वदेशी जागरण मंच के सह-संयोजक हैं।
- वह एक अर्थशास्त्री, चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा राजनीतिक एवं आर्थिक मामलों के टिप्पणीकार भी हैं।

सतीश काशीनाथ मराठे

- मराठे सहकार भारती नामक गैर सरकारी संगठन के संस्थापक हैं तथा बैंकिंग के क्षेत्र में उनका लंबा अनुभव है।
- मराठे ने बैंक ऑफ इंडिया के साथ काम शुरू किया तथा बाद में द यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष बनें।
- सितंबर 1991 में उन्हें जनकल्याण सहकारी बैंक लिमिटेड के चीफ एक्ज़ीक्यूटीव ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया गया।

डीएनडी 2.0 और मॉयकॉल का उमंग प्लेटफार्म के साथ एकीकरण

ट्राई ने उपभोक्ताओं तक पहुँच के महत्व को देखते हुए तथा उनके हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से संस्था के मोबाइल एप्प -डीएनडी 2.0 और मॉयकॉल को उमंग प्लेटफार्म के साथ जोड़ दिया है।

ट्राई मॉय-कॉल एप्प

- ट्राई मॉय-कॉल एप्प मोबाइल कॉल की गुणवत्ता पर निगरानी करने के लिये लोगों के सहयोग पर आधारित एक सहज और उपभोक्ता के लिये आसान प्रणाली है।
- यह एप्लीकेशन उपभोक्ताओं को मोबाइल कॉल की गुणवत्ता के बारे में उनके अनुभव को उसी समय साझा करने का अवसर उपलब्ध कराता है और उपभोक्ताओं के अनुभव और नेटवर्क के आंकड़े जुटाने में ट्राई की मदद करता है।

डीएनडी 2.0 एप्प

- डीएनडी (डू-नॉट-डिस्टर्ब) सेवा देने वाला एप्प स्मार्ट फोन के उपभोक्ताओं को अपना मोबाइल नंबर डीएनडी में पंजीकृत करने और अवांछित कॉलों और संदेशों की शिकायत करने की सुविधा देता है ताकि अवांछित काल्स और टेलीमार्केटिंग काल्स और संदेशों की शिकायत की जा सके।

जल बचाओ, वीडियो बनाओ, पुरस्कार पाओ प्रतियोगिता

- 'जल बचाओ, वीडियो बनाओ, पुरस्कार पाओ' की शुरूआत मंत्रालय ने भारत सरकार के माय-गव पोर्टल के सहयोग से किया था।
- इसका उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना है। प्रतियोगिता में कोई भी भारतीय नागरिक हिस्सा ले सकता है।
- इस प्रतियोगिता कि शुरुआत 10 जुलाई, 2018 को की गई थी।
- इसके तहत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय ने देशवासियों से जल संरक्षण, आदर्श जल उपयोग, जल संसाधन विकास और प्रबंधन के विषय में किये जाने वाले प्रयासों, महत्वपूर्ण योगदानों और उत्तम व्यवहारों पर वीडियो बनाकर अपलोडकरने की अपील की थी।

तीसरा ब्रिक्स फिल्म समारोह

चर्चा में क्यों?

तीसरा ब्रिक्स फिल्म समारोह दक्षिण अफ्रीका के डरबन में अंतर्राष्ट्रीय डरबन फिल्म समारोह (DIFF) के साथ 22-27 जुलाई, 2018 को संपन्न हुआ। समारोह के समापन दिवस को भारत दिवस के रूप में मनाया गया।

ब्रिक्स फिल्म समारोह के बारे में

- फिल्म समारोह का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के विश्व स्तरीय फिल्म निर्माण को उत्सव के रूप में मनाना है तथा इन देशों के बीच फिल्म के क्षेत्र में अधिक सहयोग को प्रेरित करना है।
- समारोह में स्पर्द्धा श्रेणी में प्रत्येक देश की दो फीचर फिल्में दिखाई गईं और गैर-स्पर्द्धा श्रेणी में तीन फीचर फिल्में दिखाई गईं। समारोह में कुल 24 फिल्में दिखाई गईं।
- स्पर्द्धा श्रेणी में फिल्मों ने गोल्डन राइनो पुरस्कार के लिये स्पर्द्धा में हिस्सा लिया।

पुरस्कार विजेता भारतीय फिल्में

- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रीः भनिता दास, विलेज रॉक स्टार्स
- सर्वश्रेष्ठ फिल्मः अमित मासुरकर की न्यूटन
- विशेष ज्यूरी पुरस्कारः रीमा दास की विलेज रॉक स्टार्स

समारोह के दौरान दिखाई गई भारतीय फिल्में

- स्पर्द्धा वर्ग में

♦ अमित मासुरकर की न्यूटन
♦ रीमा दास की विलेज रॉक स्टार्स

- गैर-स्पर्द्धा वर्ग में

♦ संदीप पमपल्ली की सींजर
♦ जयराज की भयानकम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-08-08-2018